Free cancer screening and Health awareness camp at BSDU on 13.03.2026

निःशुल्क कैंसर जांच एवं जागरूकता शिविर आयोजित

जयपुर, समाचार जगत न्यूज. भगवान महावीर कैंसर हॉस्पिटल के कैंसर केयर महिला प्रकोष्ठ और भारतीय स्किल डेवलपमेंट यूनिवर्सिटी, जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार, 13 मार्च 2026 को विश्वविद्यालय परिसर, महिंद्रा वर्ल्ड सिटी, जयपुर में निःशुल्क कैंसर जांच एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

इस शिविर का उद्देश्य आमजन, विशेष रूप से महिलाओं को कैंसर के प्रति जागरूक करना तथा समय पर जांच के महत्व के बारे में जानकारी देना था। शिविर में बड़ी संख्या में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों, कर्मचारियों तथा आसपास के क्षेत्र के लोगों ने भाग लेकर स्वास्थ्य जांच करवाई।

शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा विभिन्न प्रकार की निःशुल्क जांचें की गईं। इनमें प्रारम्भिक साधारण जांचों के साथ साथ मैमोग्राफी, पेप स्मीयर , प्रोस्टेट कैंसर, ट्यूमर मार्कर जांच, सीए-125, फेफड़ों, सहित अन्य आवश्यक स्वास्थ्य परीक्षण शामिल थे। साथ ही उपस्थित चिकित्सकों ने कैंसर के शुरुआती लक्षणों, बचाव के उपायों और समय पर जांच के महत्व के बारे में भी जानकारी दी।

इस अवसर पर भारतीय स्किल डेवलपमेंट यूनिवर्सिटी के प्रेसिडेंट प्रो. (डॉ.) संजय गोयल ने कहा कि विश्वविद्यालय केवल कौशल आधारित शिक्षा तक ही सीमित नहीं है, बल्कि समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को भी गंभीरता से निभाता है। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य जागरूकता और निःशुल्क जांच शिविर जैसे कार्यक्रम समाज के लोगों को समय रहते बीमारी के प्रति सचेत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने आगे कहा कि कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के मामलों में समय पर जांच और सही जानकारी अत्यंत महत्वपूर्ण होती है।

निःशुल्क कैंसर जांच एवं जागरूकता शिविर आयोजित

भारतीय स्किल डेवलपमेंट यूनिवर्सिटी जयपुर महिंद्रा वर्ल्ड सिटी में आयोजित हुआ शिविर

कालवाड़ टाइम्स

जयपुर निमेडा मुन्ना चौधरी। भगवान महावीर कैंसर हॉस्पिटल के कैंसर केयर महिला प्रकोष्ठ और भारतीय स्किल डेवलपमेंट यूनिवर्सिटी, जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार, को विश्वविद्यालय परिसर, महिंद्रा वर्ल्ड सिटी, जयपुर में निःशुल्क कैंसर जांच एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।इस शिविर का उद्देश्य आमजन, विशेष रूप से महिलाओं को कैंसर के प्रति जागरूक करना तथा समय पर जांच के महत्व के बारे में जानकारी देना था। शिविर में बड़ी संख्या में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों, कर्मचारियों तथा आसपास के क्षेत्र के लोगों ने भाग लेकर स्वास्थ्य जांच करवाई। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा विभिन्न प्रकार की निःशुल्क जांचें की गईं। इनमें प्रारम्भिक साधारण जांचों के साथ साथ मैमोग्राफी, पेप स्मीयर , प्रोस्टेट कैंसर, ट्यूमर मार्कर जांच, सीए-125, फेफड़ों, सहित अन्य आवश्यक स्वास्थ्य परीक्षण शामिल थे। साथ ही उपस्थित चिकित्सकों ने कैंसर के शुरुआती लक्षणों, बचाव के उपायों और समय पर जांच के महत्व के बारे में भी जानकारी दी। इस अवसर पर भारतीय स्किल डेवलपमेंट यूनिवर्सिटी के प्रेसिडेंट प्रो. (डॉ.) संजय गोयल ने कहा कि विश्वविद्यालय केवल कौशल आधारित शिक्षा तक ही सीमित नहीं है, बल्कि समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को भी गंभीरता से निभाता है। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य जागरूकता और निःशुल्क जांच शिविर जैसे कार्यक्रम समाज के लोगों को समय रहते बीमारी के प्रति सचेत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने आगे कहा कि कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के मामलों में समय पर जांच और सही